प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 24.01.2025

- **थाना भोगनीपुर पुलिस टीम की कार्यवाही से चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का 01 अदद ट्रैक्टर नं0- UP 77 AM 2028 महिन्द्रा 265 DI बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वादी द्वारा ट्रैक्टर चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 30/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 02 नफर अभियुक्त 1. सर्वेश पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम डिलौलिया बांगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात 2. अनुज निषाद पुत्र मौजीलाल निवासी मो0 राम चबूतरा नई बस्ती कस्बा व थाना कालपी जनपद जालौन को मय चोरी का 01 अदद ट्रैक्टर नं0- UP 77 AM 2028 महिन्द्रा 265 DI के साथ ग्राम डिलोलिया बांगर मोड के पास थाना क्षेत्र भोगनीपुर से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि अनुज का इमरान (वादी) के पास पैसा फंसा था, मांगने पर दे नहीं रहा था इसलिए हम दोनों ने मिलकर उसका ट्रैक्टर चोरी कर लिया। ट्रैक्टर चौरा स्थित इमरान की दुकान से दिनांक 22/23.01.2025 की रात्रि में चोरी किया था। ट्रैक्टर सर्वेश चला कर ले गया था व अनुज बगल में बैठकर गया था। चोरी हम दोनों ने मिलकर की थी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–

1. अनुज निषाद पुत्र मौजीलाल निवासी मो0 राम चबूतरा नई बस्ती कस्बा व थाना कालपी जनपद जालौन।
2. सर्वेश पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम डिलौलिया बांगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 30/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी -

1. 01 अदद चोरी का ट्रैक्टर नम्बर UP 77 AM 2028 महिन्द्रा 265 DI

गिरफ्तार करने वाली थाना भोगनीपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अमरेन्द्र प्रताप सिंह 01
2. हे0का0 520 दिलीप सिंह
3. का0 856 बबलू सिंह